# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (इण्टरमीडिएट)

2015

## समाज शास्त्र (सैद्धान्तिक)

## SOCIOLOGY (THEORY)

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 80

निर्देशः
(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न संख्या 1 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंको का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।
(iii) प्रश्न संख्या 15 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंको का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
(iv) प्रश्न संख्या 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न 6 अंको का है। प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
(v) प्रश्न संख्या 25 गद्यांश पर आधारित है। इस पर पूछे गये उपप्रश्नों को उत्तर दिए गए गद्यांश पर आधारित होगा, तीन उपप्रश्नों में प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं, प्रत्येक उपप्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।
(vi) प्रश्नों के उत्तर सुनिश्चित तथा प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए।
(vii) प्रथम प्रश्न से प्रारंभ कीजिए और अन्त तक करते जाइये। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

Instruction :

(i) There are 25 questions in all. All questions are compulsory.
(ii) Questions No. 1 to 14 are of 2 marks each, to be answered in about 40 words.
(iii) Questions No. 15 to 21 are of 4 marks each, to be answered in about 100 words.
(iv) Questions No. 22 to 24 are of 6 marks each, to be answered in about 250 words.
(v) Questions No. 25 is based on psssage. Sub questions asked on it are to be answered based on the given passage. Each of the three sub questions is of 2 marks, to be answered in about 40 words.
(vi) Answers should be precise and to the point.
(vii) Start from the first question and proceed to the last. Do not waste time over a question which you can not solve.

1. संयुक्त परिवार से क्या अभिप्राय है ? 2

   What is the meaning of 'Joint Family'.

2. जनसांख्यिकी क्या है ? 2

   What is Demography ?

3. 'अदृश्य हाथ' का क्या तात्पर्य है ? 2

   What is the meaning 'Invisible hand' ?

4. सांस्कृतिक विविधता का क्या अर्थ है ? 2

What is the meaning of ‘Cultural diversity ?

5. आधुनिकीकरण से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by Modernization ?

6. संस्कृतिकरण का क्या अर्थ है ? 2

What is meant by Sanskritisation ?

7. ’सत्य शोधक समाज’ की स्थापना किसके द्वारा और क्यों की गई ? 2

Who founded ‘Satya-Shodhak Society’ and why ?

8. दबाव समूह को परिभाषित कीजिए। 2

Define Pressure group ?

9. ’घुमक्कड़ मजदूर’ किस प्रकार के मजदूरों को कहा जाता है ? 2

Define ‘Foot Loose Labourers ?

10. मशीनें किस प्रकार कामगारों के लिए समस्या पैदा करती हैं। 2

How machines creat problem for Labourers ?

11. व्यापार प्रक्रिया में ’वाह्य श्रोतों’ से कार्य लिए जाने के परिणाम बताइए। 2

What are the consequences of Business Process Outsourcing ?

12. खदान मजदूरों की मुख्य समस्याएँ क्या हैं ? 2

What are the main problems of Mine Labours ?

13. जन सम्पर्क के साधन (मास मीडिया) के चार उदाहरण दीजिए। 2

Give any four examples of Mass-Media.

14. ’दलित’ शब्द का प्रयोग किस सन्दर्भ में किया जाता है ? 2

To which reference the word ‘Dalit’ is used ?

15. जाति व्यवस्था में पृथक्करण और अधिक्रम की क्या भूमिका है? स्पष्ट कीजिए। 4

What are the roles of separation and hierarchy in caste system ? Explain.

अथवा

औपनिवेशिक काल में जाति व्यवस्था में आये प्रमुख परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए।

Describe the main changes occurred in the caste system during colonial period.

16. भूमण्डलीकरण क्या है? भूमण्डलीकरण के विभिन्न प्रकार के बाजारों को किस प्रकार प्रभावित किया? 4

What is Globalization ? How did it affect different type of markets ?

17. क्षेत्रवाद किसे कहते हैं? क्षेत्रवाद के प्रमुख कारक क्या हैं? 4

Define regionalism ? What are the main factors of regionalism ?

अथवा

राज्य को परिभाषित कीजिए। कल्याणकारी राज्य के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

Define State. Describe the main functions of a welfare state.

18. 73 वाँ संविधान संशोधन क्या है? पंचायतों के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। 4

What is 73rd amendment of constitution ? Sescribe the main function of panchayats.

19. हरित–क्रान्ति से आप क्या समझते हैं? भारत में हरित क्रान्ति के सामाजिक–आर्थिक प्रभावों की विवेचना कीजिए। 4

What do you mean by Green Revolution ? Discuss the socio-economic consequences of Green Revolution in India.

20. मास–मीडिया क्या है?मास–मीडिया के व्यक्ति और समाज पर पड़ रहे प्रभावों का वर्णन कीजिए।4

What is mass-media ? Describe how is it affecting individual and society ?

21. सामाजिक आन्दोलन क्या है? भारत में जनजातीय आन्दोलनों के प्रमुख कारण बताइए। 4

What is social revolution? What are the main causes of tribal revolution in India ?

22. स्त्री–पुरूष अनुपात का क्या अर्थ है? भारत में गिरते हुए स्त्री–पुरूष अनुपात के प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए। 6

What is the meaning of Female-Male ratio ? In India what are the main factors responsible for diminishing Female-Male ratio ? Describe.

अथवा

जन्मदर और मृत्युदर का क्या अर्थ है? जन्मदर में गिरावट अपेक्षाकृत धीमी दर से क्यों आती है, जबकि मृत्युदर तेजी से गिरती है। विवेचना कीजिए।

What are the meanings of Birth rate and Death rate? Why does Birth rate fall comparatively slowly whereas Death rate falls rapidly? Discuss.

23. सामाजिक स्तरीकरण को समझाइए। समाज में स्तरीकरण की आवश्यकता क्यों होती है ? 6

Define social stratification. Why is stratification required in society ?

अथवा

महिला सशक्तिकरण से आप क्या समझते हैं? विशेषकर भारतीय समाज में यह क्यों आवश्यक है?

What do you understand by empowerment of women ? Why it is necessary, especially in the Indian society ?

24. ब्रिटिश औद्योगीकरण तथा नगरीकरण ने भारतीय सामाजिक संरचना एवं अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित किया? व्याख्या कीजिए। 6

How did British Industrialization and Urbanization affect the Indian social structure and economy. Elucidate.

अथवा

उपनिवेशवाद किसे कहते हैं? उपनिवेशवाद के कारण भारतीय जनजीवन के विभिन्न क्षेत्रों में क्या परिवर्तन हुए? विवेचना कीजिए।

What is colonialism ? What changes occurred in the different fields of Indian public life due to colonialism ? Discuss.

25. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा इसके नीचे पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

बच्चों को जन्म देने मे सर्वाधिक महिलाओं की मृत्यु संख्या दर्ज करने के बाद देश एक दूसरे क्षेत्र में शिखर पर है। अपने पाँचवे जन्मदिवस से पहले ही मृत्यु को प्राप्त करने वाले शिशुओं की सर्वाधिक संख्या का अवांछित रिकार्ड भी भारत के नाम है। संयुक्त राष्ट्र यूनिसेफ द्वारा जारी किये गए पाँच वर्ष से कम के बच्चों की मृत्यु के पूर्वानुमानों के अनुसार 2009 में भारत के पाँच वर्ष से कम बच्चों की मृत्यु संख्या 17.26 लाख, जिसकी मृत्यु दर 66 है, दर्ज की।

(I) शिशु मृत्यु दर मातृ मृत्यु दर में क्या अन्तर है ? 2

(II) 'यूनिसेफ' (UNICEF) का पूरा नाम लिखिए। 2

(III) आपके विचार से मृत्यु के सबसे आम कारण क्या हो सकते हैं? 2

Close on the heads of recording the Largest number of Women dying child birth, the country now occupies another top spot. India holds the unenviable record of being home to the highest number of children who die before reaching their fifth birthday. According to the latest United Nations under- five mortality, released by UNICEF, India recorded 17-26 Lakh under-five deaths with a mortality rate of 66 in 2009.

(I) What is the defference between infant mortality rate and maternal mortality rate ?

(II) Write full name of UNICEF.

(III) What are the most common causes of deaths according to you ?